Title: Request to complete the laying of railway line "Bilaspur-Mandla" by the year 2000-2001 and send its plan to the Planning Commission for approval.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, बिलासपुर, मांडला में रेलवे लाइन बिछाने के लिए 25 साल पहले सर्वे किया गया था। फिर इसका सर्वे 1992 में होना था, लेकिन इसकी अवधि सन् 2000 तक बढ़ा दी गई और परिस्थितियों को देखते हुए, प्लानिंग कमीशन से इसकी स्वीकृति हो जानी चाहिए थी। मैं केन्द्रीय मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि बिलासपुर, मांडला रेलवे लाइन बिछाने का कार्यक्रम सन् 2000-2001 में पूरा किया जाए और प्लानिंग कमीशन में स्वीकृति हेतु इस योजना को भेजा जाए।